# सायबर खतरा अदृश्य दुश्मन : सीएम

## राज्यस्तरीय जागरूकता अभियान में मुख्यमंत्री ने किया सेफ क्लिक 2.0 का उद्घाटन

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 24 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सायबर खतरा एक ऐसा अदृश्य दुश्मन है , जो बिना दस्तक दिए हमारे घरों तक पहुंच रहा है. सायबर खतरों को समझना ही उनसे बचने का सबसे बड़ा रास्ता है.**

सावधानी ही सुरक्षा है और जानकारी ही बचाव है. डिजिटल अरेस्ट, डीप-फेक, फेक प्रोफाइल, हैकिंग, डेटा ब्रीचिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी धोखाधड़ी, ऑनलाइन शॉपिंग ठगी, रैनसमवेयर हमले और फर्जी निवेश लिंक जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं. ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहने की आवश्यकता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की जनता को सायबर सुरक्षा के तीन महत्वपूर्ण सूत्र जागरूकता, सावधानी और सहभागिता के बारे में बताकर कहा कि जो लोग सायबर सुरक्षा की जानकारी रखते हैं, वे दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को रवींद्र भवन में आयोजित राज्य व्यापी सायबर जागरूकता अभियान के तहत सेफ क्लिक 2.0 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे. यह अभियान 24 जून से शुरू होकर 8 जुलाई तक प्रदेश के 10 संभाग, 55 जिलों और 50 हजार से अधिक गांव में एक साथ चलेगा. इस अभियान के तहत सायबर ठगी और अन्य अपराधों से बचने के लिए जागरूक किया जाएगा. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सायबर जागरूकता अभियान के पोस्टर, स्कूली बच्चों के लिए तैयार की गई सायबर जागरूकता बुकलेट्स तथा अभियान के ऑफिशियल वीडियो का विमोचन किया.

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सायबर जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया.



### पुलिस हनुमान की भूमिका में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान के संचालन के लिए मध्यप्रदेश पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि संकट के समय मध्यप्रदेश पुलिस हमेशा संकटमोचक हनुमान की भूमिका में रहती है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्ष 2025 में प्रदेश में विभिन्न सायबर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से 33 लाख से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया. अब अभियान का विस्तार पंचायतों, स्कूलों, बैंकों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और सरकारी कार्यालयों तक किया जाएगा.

### 125 करोड़ की राशि होल्ड कराई गई

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि आज सायबर अपराध केवल एक आर्थिक चुनौती नहीं है, बल्कि यह समाजिक विश्वास और राष्ट्रीय सुरक्षा के भी जुड़ा गंभीर विषय है. 25 दिसंबर 2025 से प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर की शुरुआत की गई है. वर्तमान में 1 लाख रुपए तक की सायबर धोखाधड़ी की ई-जीरो एफआईआर दर्ज कर पीड़ितों को न्याय दिलाया जा रहा है। इसके साथ ही हेल्पलाइन नम्बर 1930 से पीड़ितों को त्वरित सहायता भी उपलब्ध हो रही है. सायबर धोखाधड़ी से संबंधित राशि को बैंक खाते में रोकने और अकाउंट होल्डर को दिलवाने में प्रयास किए जा रहे हैं. वर्ष 2025 में कुल 135 करोड़ राशि होल्ड कराई गई.



# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बीएचईएल ने दी विदाई

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल,24 जून. बीएचईएल भोपाल के प्रशासनिक भवन में आयोजित एक सादे समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई.**

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने जीवन की दूसरी पारी को सार्थक, सुखद एवं स्वस्थ बनाएं तथा परिवार के साथ अधिक से अधिक आनंदमय समय व्यतीत करें. समारोह में राघवेन्द्र शुक्ला (महाप्रबंधक-चिकित्सा), प्रदीप कुमार नाईक (महाप्रबंधक-वित्त), जे. राजगोपाल (अपर महाप्रबंधक-एसवाईएक्स), डी.के. टोप्पो (प्रबंधक-टीसीएल), एस.के. बोरसे (अधिकारी), मकरीस केरकेट्टा (अभियंता) तथा पांच पर्यवेक्षकों का सम्मान किया गया. प्रदीप कुमार उपाध्याय ने संगठन के प्रति उनके समर्पित योगदान की सराहना की.कार्यक्रम में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) टी.यू. सिंह भी उपस्थित रहे और उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की.

## आवेदन 31 अगस्त तक

**भोपाल, 24 जून.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक किये जा सकेंगे.

# जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन आज से

**भोपाल.** प्रदेश में जल संरक्षण को एक जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 का 25 जून से 30 जून की अवधि में प्रदेश में समारोहपूर्वक समापन किया जाएगा.

यह अभियान 19 मार्च से शुरू किया गया था. अभियान के तहत प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं. इस व्यापक जन-आंदोलन के दौरान ग्रामीण, नगरीय, वन, सिंचाई, शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 10,514 करोड़ रुपये की लागत से 3.62 लाख कार्य किए गए.


**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल**

प्रॉपर्टी आई0 डी0 नं. E400000178, आवेदन क्रमांक-12355, आवेदन दिनांक-11/06/2026

**क्रमांक 2064/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल** **दिनांक: 18/06/2026**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की एम.पी. नगर योजना में स्थित भू.क्र.-178, जोन-2, श्री डा0 प्रसन्न कुमार जैन अ0 श्री कमल कुमार जैन के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री डा0 प्रसन्न कुमार जैन का स्वर्गवास दिनांक-06/05/2021 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती कमला जैन का भी स्वर्गवास दिनांक 06/12/2017 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस व पुत्र श्री सुनील जैन एवं श्री अनिल जैन पुत्रगण स्व0 श्री डा0 प्रसन्न कुमार जैन द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत क्र उक्त भूखंड का संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साषये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साषये/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

Digitally signed by AFAQ ZAMA
Date: 2026.06.18 16:18:34 +05:30
Reason: Approved
Location: Bhopal

**राजस्व अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**



**केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय**
*(केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत स्थापित)*
तेजस्विनी हिल्स, पेरिया डाक, कासरगोड - 671325

सं. सीयूके/आरसी/10/टीईएसीएच/ईएन/2026 दिनांक: 10 जून, 2026

**विभिन्न शिक्षण पदों के लिए विज्ञापन**

विभिन्न रिक्त शिक्षण पदों को नियमित आधार पर भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों/भारत के प्रवासी नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. विज्ञापन सं. सीयूके/आरसी/10/टीईएसीएच/ईएन/2026 दिनांकित 10.06.2026 (विभिन्न विभागों में रिक्त शिक्षण पदों के लिए)
2. विज्ञापन सं. सीयूके/आरसी/11/टीईएसीएच/आईटीईपी/ईएन/2026 दिनांकित10.06.2026 (इंडग्रेटेड टीचर एज्युकेशन प्रोग्राम-आईटीईपी में रिक्त विभिन्न शिक्षण पदों के लिए)

अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.cukerala.ac.in** देखें।
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने का लिंक: https://curec.samarth.ac.in
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि :10.07.2026, 11:59 पी.एम.
हार्ड कॉपी आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 25.07.2026, 05:00 पी.एम.

**cbc 21353/11/0001/2627** कुलसचिव


# बच्चों और बड़ों ने पहले दिन सीखे सात सुर

### 5 दिवसीय राग यमन कार्यशाला शुरू

निज संवाददाता

**भोपाल, 24 जून. भारतीय शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय राग यमन कार्यशाला का पहला दिन उत्साह और उमंग के साथ शुरू हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत सात सुर (सा रे ग म प ध नि) से हुई, जिससे पूरे माहौल में संगीत की सरसता घुल गई.**

कार्यशाला में छोटे बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के संगीत प्रेमी शामिल हुए और राग यमन की बारीकियां सीखीं. सीखने आए एक विद्यार्थी ने बताया कि यह कार्यशाला उनके लिए बेहद उपयोगी है. उन्होंने कहा कि यहां उन्हें राग की गहराई, आरोह अवरोह और सरगम का अभ्यास अच्छे तरीके से समझाया जा रहा है, जिससे उनकी गायकी में सुधार होगा.



कार्यक्रम की आयोजक एवं गायिका सुरेखा कामले ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को शास्त्रीय संगीत से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को निखारना है. उन्होंने बताया कि राग यमन एक आधारभूत राग है,जिसे सीखने से संगीत की मजबूत नींव तैयार होती है. यह कार्यशाला द आर्ट हाउस ई 3/10 अरेरा कॉलोनी में 29 जून तक प्रतिदिन शाम 5 :30 से 7 :30 बजे तक आयोजित की जा रही है.

## कोचिंग सेंटरों की जांच के लिए टीम गठित

**भोपाल.** लखनऊ घटना के बाद कोचिंग सेंटरों को लेकर बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई.जिसमें फायर सेफ्टी सहित सुरक्षा की जांच करने के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने प्रशासन की एक संयुक्त टीम का गठन कर दिया है. जिससे एमपी नगर सहित शहर की सभी कोचिंग सेंटरों पर एसडीएम एमपीनगर के नेतृत्व में जांच की जाएगी. इस दल में कलेक्टर ने नगर निगम के फायर अधिकारी, विद्युत सुरक्षा विभाग के अधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त को शामिल किया गया है. जो कोचिंग सेंटरों पर फायर सहित अन्य सुरक्षा मानकों की जांच करेंगे.


**पश्चिम मध्य रेल**
डीजल लोको शेड, इटारसी
दिनांक: 17/06/2026

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:00 बजे तक ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं, जो उसी दिनांक को 15:30 बजे खोले जाएगे। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। इस टेंडर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है तथा यदि कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त भी होता है तो वह मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन यदि जरूरी हो तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगा दिया जायेगा, जिसे टेंडर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा सूचना संख्याः** ET-D-SPECTRO **दिनांक** 17/06/2026 **कार्य का नामः** डीजल लोको शेड इटारसी में 36 (छत्तीस) महीनों के लिए 01 (एक) स्पेक्ट्रोमीटर मॉडल-रोट्रॉयल (ROTROIL), क्रमांक संख्या 12113/6 RTL 08 के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC) का कार्य। **कार्य की अवधिः** 36 माह। **निविदा की अनुमानित लागतः** रू. 21,06,300.00 (रू. इक्कीस लाख छह हजार तीन सौ मात्र) **निविदा की बयाना राशिः** रू. 42,100.00 (रू. बयालीस हजार एक सौ मात्र) **ई-निविदा प्रपत्र मूल्यः** कुछ नहीं। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 06/07/2026, 15:00 बजे। निविदाकर्ता/बिडर के पास क्लास III डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। बयाना राशि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड के द्वारा किया जा सकता है।

**वरि.मं.यां.इंजी.(डी), इटारसी**

खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें। 053/2026


# जेल रोड के विस्तार में आ रहे अतिक्रमण को तोड़ा

- तीन दिन तक जारी रहेगी कार्रवाई
- पांच दुकानों सहित दीवार को भी तोड़ा

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 24 जून. जिला प्रशासन ने बुधवार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. इस दौरान केंद्रीय जेल रोड नयापुरा में पक्के निर्माणों को को बुलडोजर से तोड़ा गया. यह कार्रवाई दोपहर में दो से तीन घंटे ही चली.**

बता दें कि जेल रोड का चौड़ीकरण किया जाना है. नयापुरा क्षेत्र में सड़क किनारे शासकीय भूमि पर पक्के निर्माण बने हुए हैं. जिनकी वजह से यहां पर एनएचएआई का कार्य रुका हुआ था. इस दौरान जिला प्रशासन, नगर निगम, एनएचएआई के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे. बैरागढ़ तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह ने बताया कि रोड चौड़ीकरण में आने वाले अतिक्रमणों को चिन्हित किया.बैरागढ़ वृत्त के नायब तहसीलदार अंकिता यदुवंशी ने बताया कि दोपहर में शुरू की गई जो तीन घंटे तक चली. इस दौरान प्रशासन के द्वारा 5 दुकानों को तोड़ा गया, यहां पर कुल 8 दुकानें हैं. बाकी 3 दुकानों पर प्रशासन का बुलडोजर गुरुवार को चलेगा. इसके अलावा 3 बाउंड्रीवॉल हटाई गई.

# राजधानी में 3435 जर्जर भवनों को किया चिन्हित

- 2184 को नोटिस जारी

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 24 जून. नगर निगम ने बुधवार को शहर के जर्जर भवनों के मालिकों को नोटिस जारी कर दिए हैं.**

निगम ने सभी वार्ड क्षेत्रों में जर्जर भवनों को चिन्हित करने हेतु सर्वेक्षण कर अभी तक 3435 अति जर्जर, जर्जर एवं भयप्रद भवनों को चिन्हित किया है और 2184 भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर भवन के जर्जर भागों की मरम्मत अथवा उन्हें हटाने के निर्देश दिए है.

सबसे अधिक अति जर्जर भवन ऐशबाग की हाउसिंग बोर्ड के 600 जनता आवास है. इन आवासों के रहवासियों की जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने विगत दिनों हाऊसिंग बोर्ड आयुक्त को पत्र लिखकर रहवासियों को विस्थापित करने के निर्देश दिए.

### 2464 शासकीय भवन जर्जर

निगम के यांत्रिक विभाग द्वारा चिन्हित 3435 भवनों में से 971 निजी भवन है तथा 2464 शासकीय भवन है. 971 निजी जर्जर भवनों में 17 भवन अति जर्जर स्थिति में है जबकि अति जर्जर शासकीय भवनों की संख्या 740 है.


**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर**
**NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR**
(An Institute of National Importance)
G.E. Road, Raipur - 492010 (CG) Phone: (0771) 4270619
Email: registrar@nitrr.ac.in, Website: www.nitrr.ac.in

Advertisement No./NITRR/R-1/Advt./2026/453 Dated 24/06/2026

**प्रवेश सूचना (ADMISSION – NOTICE)**

योग्य अभ्यर्थियों से एप्लाइड जियोलॉजी (Applied Geology) में 3 वर्षीय एम.टेक (M. Tech.) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र.सं. | डिग्री | विभाग |
|---|---|---|
| 1. | एम.टेक (एप्लाइड जियोलॉजी) 3 वर्षीय कार्यक्रम | एप्लाइड जियोलॉजी विभाग |

इच्छुक अभ्यार्थी प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता शर्तों, नियम एवं शर्तों, उपलब्ध सीटों तथा आवेदन शुल्क आदि की विस्तृत जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.nitrr.ac.in/admission.php पर जाएं। ऑन लाइन आवेदन/ईमेल के माध्यम से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13.7.2026 है। कुल सचिव राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर



**भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड**
**RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD**

विज्ञापन सं. आरबीआईएसबी/बीए/02/2026-27

**भारतीय रिज़र्व बैंक में पूर्णकालिक अनुबंध आधार पर साइट इंजीनियरों की लैटरल भर्ती**

भारतीय रिज़र्व बैंक में निम्नलिखित पदों के लिए पूर्णकालिक अनुबंध आधार पर साइट इंजीनियरों की लैटरल भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

विभाग का नाम – परिसर विभाग, केंद्रीय कार्यालय

| क्रम संख्या | पद का नाम | स्तर/लेवल (समतुल्य ग्रेड) | रिक्तियों की संख्या | कार्य का स्थान* |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शदाता साइट इंजीनियर (सिविल) | स्तर – 2 (ग्रेड 'बी') | 1 | रायपुर |
| 2 | परामर्शदाता साइट इंजीनियर (सिविल) | स्तर – 3 (ग्रेड 'सी') | 6 | चंडीगढ़/ जम्मू/ लखनऊ/ मुंबई |
| 3 | परामर्शदाता साइट इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) | स्तर – 3 (ग्रेड 'सी') | 1 | मुंबई |
| | कुल | – | 8 | – |

* चयनित उम्मीदवारों को बैंक की अपेक्षाओं के अनुसार बैंक के किसी भी प्रोजेक्ट में तैनात किया जा सकता है, भले उम्मीदवारों द्वारा चयनित कार्य का स्थान कुछ भी हो।

2. अन्य सभी विवरणों जैसे पात्रता मानदंड, रिक्तियों के आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और अन्य अनुदेशों के लिए कृपया **29 जून 2026** को बैंक की वेबसाइट (**www.rbi.org.in**) पर प्रकाशित होने वाले विस्तृत विज्ञापन को देखें। उम्मीदवार उक्त पदों के लिए केवल बैंक की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन मोड में ही आवेदन कर सकते हैं।
3. आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए तथा आवेदन शुल्कों/सूचना प्रभारों के भुगतान हेतु विंडो : **29 जून 2026 से 20 जुलाई 2026 (सायं: 06:00 बजे तक)**

**टिप्पणी:**
(i) बोर्ड को इन तिथियों में किसी भी तरह के परिवर्तन का अधिकार है।
(ii) उक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (**www.rbi.org.in**) पर प्रकाशित किया जाएगा।



**भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड**
**CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.**
(भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम) (A Navratna Undertaking of Govt. of India)
एनएसआईसी न्यू एमडीबीपी बिल्डिंग, तीसरा तल, ओखला इंड. एस्टेट (एनएसआईसी ओखला मेट्रो स्टेशन के सामने), नई दिल्ली-110020

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कॉनकॉर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु टेण्डरिंग की दो पैकेट प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं. | CON/Area-II/EP/MMLP-Tihi/PFT Line/E-93472/2026-27 | | |
| कार्य का नाम | एमएमएलपी–टीही, इन्दौर (मध्य प्रदेश) में सीसी ब्लॉक पेवमेंट कार्य तथा अन्य सहायक कार्यों सहित अतिरिक्त पीएफटी रेल लाइन का निर्माण। | | |
| अनुमानित लागत | रु. 12,38,48,598.60 (जीएसटी सहित) | परिपूर्णन अवधि : 12 (बारह) माह | |
| धरोहर जमा राशि | रु. 24,77,000.00 (ई–भुगतान के माध्यम से) | निविदा दस्तावेज की कीमत : नगण्य | |
| निविदा प्रक्रिया शुल्क (अप्रतिदेय) | रु. 3,540/- (सभी करों एवं प्रभारों सहित ई–भुगतान के माध्यम से) | | |
| निविदा बिक्री की तिथि (ऑनलाइन) | 25.06.2026 (15:00 बजे से) 18.07.2026 (17:00 बजे तक) | | |
| निविदा जमा करने की तिथि व समय (ऑनलाइन) | 19.07.2026 को 17:00 बजे तक | | |
| निविदा खुलने की तिथि एवं समय (ऑनलाइन) | 20.07.2026 को 15:00 बजे | | |

वित्तीय पात्रता मापदण्ड, समान प्रकृति के कार्य के संबंध में अनुभव, आदि, हेतु कृपया वेबसाइट www.concorindia.co.in पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना देखें परंतु पूरा निविदा दस्तावेज केवल वेबसाइट www.tenderwizard.com/CCIL से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त इस निविदा के बारे में शुद्धिपत्र/अनुशेष, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट www.concorindia.co.in, www.tenderwizard.com/CCIL तथा सेंट्रल प्रोक्योरमेंट पोर्टल (सीपीपी) पर प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए समाचार पत्र विज्ञापन जारी नहीं होगा।

**समूह महाप्रबंधक (परियोजनाएँ),**
**फोन नं.: 011-41222500**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.**
(पीठासीन अधिकारी चन्द्रशेखर श्रीवास्तव)
**अपील प्रकरण क्रमांक 127/ अपील / एस.डी.ओ./ 2024-2025**

जाहिदा बी पत्नी नवाब खां पुत्री स्व. अल्लाह बसाय आयु वयस्क निवासी म. क्र.-241, बी सेक्टर, दशमेश नगर, अशोक नगर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. **...अपीलार्थी**

**विरुद्ध**

अथर अली आ. स्व. अल्लाह बसाय (मृत) वैधवारिसान
1-शमसुन बी पत्नी स्व. अथर अली आयु वयस्क
2-हुमा कौसर आ.स्व. अथर अली आयु वयस्क
3-उमर अली आ.स्व. अथर अली आयु वयस्क
4-निहा कौसर आ.स्व. अथर अली आयु वयस्क
सभी निवासीगण :- सुभाष नगर फाटक, अर्जुन नगर, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र.
5-अख्तर अली आ. स्व. अल्लाह बसाय आयु वयस्क निवासी बिस्मिल्ला कॉलोनी, न्यू वेय अशोका गार्डन, हिनोतिया रोड, जिला भोपाल
6-ताहिरा बी पत्नी असगर खां पुत्री स्व. अल्लाह बसाय आयु वयस्क निवासी :- सी सेक्टर गाँधी नगर, जिला भोपाल म.प्र.
7-आवद बी पत्नी मो. इकबाल आयु वयस्क, निवासी अशोका गार्डन, म.क्र.-07, भोपाल म.प्र.
8-शाहिदा बी उर्फ सद्दो बी पत्नी मो. सलीम आयु वयस्क निवासी :- जिंसी चौराहा, रंभा टॉकीज के पीछे, गली नं. 03, भोपाल जिला भोपाल म.प्र.
**...प्रतिअपीलार्थीगण**

अपीलार्थी द्वारा इस न्यायालय में एक अपील न्यायालय तहसीलदार गौहरगंज, जिला रायसेन के फौती नामांतरण पंजी क्र.-45 आदेश दिनांक 1984/11/16 के विरुद्ध म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 (2) के तहत अपील प्रस्तुत कर ग्राम बोरखाड़ी, तहसील गौहरगंज की भूमि खसरा क्रमांक 34/4 रकबा 10 एकड़ से संबंधित प्रस्तुत की है. अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि नियत दिनांक 30/06/2026 को दोपहर 12.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रकरण में समस्त तथ्यों के साथ पूर्ण जानकारी सहित उपस्थित होवें. अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर आगामी कार्यवाही की जावेगी.

**आज दिनांक 05/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी.**

सील **(चन्द्रशेखर श्रीवास्तव)**
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र.**



**भारत सरकार**
**कार्पोरेट कार्य मंत्रालय**
**त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केन्द्र (सी-पेस)**
**आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंजिल प्लाट पी-6-7-8, से.- 5, आई.एम.टी. मानेसर गुड़गांव, हरियाणा-122050**
**ई-मेल: roc.cpace@mca.gov.in**
**प्रारूप संख्या एसटीके-6**

**सार्वजनिक सूचना**

(कंपनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

**सार्वजनिक नोटिस: आरओसी/सी-पेस/एसटीके-2/248 (2)/2026-27/549** **दिनांक: 17/6/2026**

**संदर्भ**

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (42) कम्पनियों का नाम **मध्यप्रदेश** राज्य से हटाने के मामले में :-

| S.no. | Work Item | CIN | Company Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC3837955 | U32507MP2023PTC067601 | लेंस कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC3764371 | U72500MP2022PTC063196 | आरकेएस रिअश्योर इन्फोटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC3735971 | U23100MP2022PTC061627 | पार्वती बायोफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC3740333 | U45200MP2009PTC021630 | सांवरिया इंफ्राएस्टेट प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC3669189 | U74999MP2018PTC046819 | आरंभ ऑयल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC3641311 | U18209MP2020PTC054260 | ऋतुम्बरा क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AC3717203 | U15411MP1989PTC005355 | सेपटेक फूड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AC3736639 | U45200MP2025PTC074852 | कोट-एन-क्लीन ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AC3579480 | U62090MP2024PTC073734 | विनोशाला वेंचर प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AC3580239 | U74999MP2021PTC058035 | तसाया प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AC3489889 | U65990MP2022PLN063006 | वरारोहा निधि लिमिटेड |
| 12 | AC3483224 | U46909MP2024PTC071782 | कोएमे सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AC3246180 | U25202MP2009PTC022776 | रिलायबल फ्लेक्सीपैक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AC3680265 | U65929MP2020PLN052028 | आदित्य वेंचर बेनिफिट फंड निधि लिमिटेड |
| 15 | AC3424436 | U01110MP2020PTC054204 | पुण्यधारा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड |
| 16 | AC3399323 | U74999MP2022PTC061396 | ज़ेट्टामोंक ग्लोबल कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AC3375436 | U62099MP2023PTC067949 | ज़्यूरोटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AC3346774 | U74140MP2016PTC041298 | नेवल प्रोजेक्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AC3330372 | U80302MP2013PTC030129 | देव वर्षा एजुकेशनल प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AC3365679 | U24290MP2022PTC059162 | निर्मल नारायण इंडस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AC3809080 | U61900MP2024PTC072986 | रमांश इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AC3799753 | U93090MP2021PTC054534 | अर्पणा एनवायरोटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AC3479021 | U72200MP2016PTC041384 | एक्सपाउंड सॉफ्टटेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AC3347305 | U70102MP2018PTC047078 | एडीबीसी कॉन्डोमिनियम्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AC3789684 | U30007MP2001PTC014630 | एज सॉफ्टटेक (भोपाल) प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | AC3793082 | U63030MP2021OPC057543 | पगडंडी टूर्स एंड ट्रेल्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | AC3742379 | U72900MP2018PTC046570 | एक्सपेका वेब सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AC3741128 | U74999MP2017PTC044724 | ट्रायक्यूब यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | AC3726299 | U59120MP2025PTC076579 | ग्रिमाल्किन फिल्म प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | AC3353539 | U65929MP2022PLN059609 | फर्स्ट रीगल निधि लिमिटेड |
| 31 | AC3599740 | U70101MP2012PTC028083 | श्रेणिक बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड |
| 32 | AC3712746 | U74999MP2019PTC049513 | बेरीफोरिया वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड |
| 33 | AC3680288 | U51909MP2021PTC055074 | गुरु कृपा एएनएक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 34 | AC3682079 | U72200MP2021PTC055260 | हेटराइज़ इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 35 | AC3672433 | U62013MP2024OPC071162 | ब्लॉकरांस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 36 | AC3636178 | U18100MP2009PTC022337 | श्रीनिवास वेयरेबल प्राइवेट लिमिटेड |
| 37 | AC3625819 | U35105MP2025PTC078215 | टेनकू सोलर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 38 | AC3529725 | U46901MP2025PTC078334 | प्रथर्व ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड |
| 39 | AC3720234 | U15412MP1992PTC006915 | मिडलैंड सोयटेक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 40 | AC3580660 | U24119MP1988PTC004982 | इंदौर पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 41 | AC3600988 | U46101MP2017PTC042805 | पिनेकल एडमिनिस्ट्रेटिव प्राइवेट लिमिटेड |
| 42 | AC3421409 | U46491MP2025PTC076220 | वन क्योर लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/ अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है.
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है.
4. यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/ संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं.

**इरकन तिर्की**
**उप-पंजीयक**
**त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केन्द्र**

सीबीसी- 07123/11/0242/2627